हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

14 बागबाहरा जनपद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष...



14 पैथोलॉजी संचालक ने खल्लारी थाने के लिए...





## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम रूढ़ा के एक खेत से सोलर पंप की चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी क्षितिपति पटेल पिता रघुनाथ पटेल (65 साल) रूढ़ा ने बताया कि उसने खेत में 5 एचपी का सोलर पंप क्रेडा विभाग के माध्यम से सब्सिडी में लगाया था, जिसे 21 मार्च को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम किसड़ी में 21 जनवरी को हुए एक्सीडेंट के मामले की रिपोर्ट सिंघोड़ा थाने में कराई गई है। पुलिस को ग्राम मोहदा निवासी बाबूलाल साहू ने बताया कि 21 जनवरी की दोपहर 1 से 2 बजे के मध्य ग्राम किसड़ी में एक मोटरसायकल वाहन चालक शिव कुमार बरिहा पिता नित्या बरिहा निवासी ग्राम कोटद्वारी ने 3 सवारी बिठाकर तेज गति से वाहन चलाते हुये नरेंद्र साहू पिता बाबूलाल साहू ग्राम किसड़ी का एक्सीडेंट कर दिया। पीछे से टक्कर मारने से नरेंद्र साहू गिर गया, जिसे गंभीर हालत में सरायपाली के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, यहां से उसे रायपुर रेफर किया गया है। नरेंद्र गंभीर चोट आने के चलते 23 जनवरी से आज तक कोमा की स्थिति में है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट करने के मामले में पांच के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** होली के दिन हुए विवाद के दौरान दो लोगों से मारपीट करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा कला का है पुलिस ने बताया कि पुरूषोत्तम ध्रुव पिता शंकर लाल ध्रुव ग्राम बोकरामुडा कला 14 मार्च की सुबह लगभग 8.30 बजे मड़ियापारा के दोस्त रमेश्वर मांझी के पास होली खेलने गया था, उसके घर से बाहर निकलते ही निरंजन दुकान के पास आरोपी दुलार सबर, अरूण सबर, ईशु सबर, एवन सेन और वेद प्रकाश ध्रुव उसके साथ मारपीट करने लगे। वहीं इसके पहले सुबह लगभग 8 बजे होली खेलते समय आरोपियों ने उसके कपड़े को फाड़े थे, तब प्रार्थी ने भी उन लोगों के कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद 8.30 बजे आरोपी प्रार्थी के साथ मड़ियापारा में मारपीट किये। जब गांव के एवन कुमार ध्रुव ने बीचबचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

# आरटीई के तहत पहले चरण में प्रवेश पाने केवल 10 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश पाने के लिए छात्र और उनके परिजन पखवाड़े भर तक भटकते रहे। तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए आरटीई का पोर्टल माह के 17 दिन बीत जाने के बाद खुला। अब प्रवेश पाने के लिए जिले भर के आवेदनकों के लिए केवल 10 दिन का समय शेष है। जिसके चलते पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिला पाएंगे। बता दें कि पहले चरण के आवेदन के लिए 10 दिन का समय शेष है। 1 से 17 मार्च तक पोर्टल में आई तकनीकी खामियों की वजह से पालक अपने बच्चों का आवेदन नहीं कर पा रहे थे।

## तकनीकी कारणों से पखवाड़ेभर बंद रहा पोर्टल, खुलने के बाद सर्वर में लोड बढ़ा

### दो चरणों में चलेगी प्रक्रिया

आरटीई के तहत दाखिला दिलाने की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रक्रिया जुलाई माह में ही पूर्ण हो जाएगी। पिछले वर्ष प्रवेश की प्रक्रिया अगस्त तक चली थी। एडमिशन भी पहले हो जाएगा। इससे प्रवेश लेने वाले छात्रों की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पढ़ेगा। पूर्व में एडमिशन प्रक्रिया में देरी होने से नए एडमिशन लेने वाले छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाते थे।




### बीते साल नहीं भर पाई थी सीटें

1700 सीटों के लिए प्रवेश की प्रक्रिया चलेगी। लॉटरी और सीटों का आवंटन एक से 2 मई के बीच होगा। स्कूल में प्रवेश लेने की प्रक्रिया पांच से 30 मई तक चलेगी। आरटीई के तहत द्वितीय चरण की प्रक्रिया 2 से 16 जून तक चलेगी। इसमें नए स्कूलों का भी पंजीयन हो सकेगा। द्वितीय चरण में छात्रों का पंजीयन 20 से 30 जून तक चलेगा। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच एक से 8 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी व सीटों का आवंटन 14 से 15 जुलाई 2025 तक होगा। द्वितीय चरण में स्कूल में दाखिला लेने की प्रक्रिया 18 से 31 जुलाई तक चलेगी। आरटीई के तहत ऑनलाइन दावा एक से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। पिछले वर्ष आरटीई के तहत कुल 1702 सीटें थी और 1604 बच्चों ने एडमिशन लिया था।

पोर्टल खुलने के बाद राहत मिली है। शिक्षा विभाग ने समय सारिणी में कोई परिवर्तन नहीं किया है। च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकेगा।

आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि आरटीई का पोर्टल खुल गया है। समय सारिणी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

### ये सुविधाएं मिलेंगी अधिनियम में

इस अधिनियम के तहत 3 से 6 1/2 वर्ष तक के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेशित छात्र कक्षा 12 वीं तक चयनित स्कूल से अध्ययन कर सकते हैं। पात्र छात्रों को नर्सरी से 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

## नगरपालिका : छुट्टी के दिन भी ड्यूटी करेंगे कर्मचारी

# वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर नपा का फोकस वसूली पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाप्त हो रहे वित्तीय वर्ष के साथ

- छुट्टी के दिनों में भी कर्मचारी करेंगे ड्यूटी, लगाए जा रहे शिविर भी

कर वसूली के लिए पालिका द्वारा कर वसूली की गति में तेजी लाने लगातार प्रयास किए जा रहे है। पालिका द्वारा कैंप लगाकर राजस्व एकत्रित किया जा रहा है। आगामी दस दिनों में पालिका को कितना राजस्व मिल पाता है यह तो 31 मार्च को पता चलेगा लेकिन, यह स्पष्ट है कि फरवरी तक के बकाया कर में पालिका को केवल 45 फीसदी ही सफलता मिल पाई है।

नियत समय तक कर वसूली नही होने का सीधा असर पालिका द्वारा मुहैय्या कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं पर देखने को मिलेगा। इसलिए पालिका द्वारा नागरिकों से कर भुगतान में संजीदगी बरतने की बात कही जा रही है। बता दें कि लगातार टैक्स का लक्ष्य पूरा नही हो के कारण

टैक्स का निर्धारित समय पर वसूली न होने के कारण नगरपालिका के विकास कार्य भी अटके हुए हैं और कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन भी नहीं मिल पाता। ज्यादातर बड़े बकायादार कर भुगतान में रुचि नहीं लेते।

बता दें कि नगर पालिका पर बकाया टैक्स का बोझ बढ़ता जा रहा है। पालिका टैक्स वसूलने बकायादारों को नोटिस जारी कर भुगतान की अपील भी कर रही है लेकिन उसका कुछ असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। विभिन्न मदों का कुल 317.87 लाख रुपए टैक्स बकाया है। जिसके एवज में फरवरी तक 144.87 लाख रुपए (45.58 प्रतिशत) ही वसूली हो पाई है। वर्ष 2024-25 के चालू मांग के अनुसार विभिन्न करों में सबसे अधिक 132.55 लाख रुपए जल कर का बकाया है जिसमें मात्र 35.22 लाख रुपए की वसूली हुई है। इसी तरह संपत्ति कर 80.79 लाख में से 18.72 लाख, समेकित कर 55.64 लाख में से 12.52 लाख, यूजर चार्ज 35.98 में से 13.75 लाख और शहरभर में पालिका की दुकानों का कुल 12.91 लाख बकाया है जिसमें से मात्र 2.11 लाख की वसूली हो पाई है। कर्मचारियों का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव में व्यस्त होने से कर वसूली नहीं हो पाई थी। अब घर-घर दस्तक दी जा रही है। लोगों से टैक्स शीघ्र भुगतान करने के लिए कहा जाएगा।



### बड़े बकायादारों से वसूली के लिए अभियान

*नगरीय निकाय चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण राजस्व की वसूली प्रभावित हुई है। अब कर्मचारी घर-घर जाकर वसूली कर रहे हैं। नपा अध्यक्ष की ओर से भी कर वसूली में तेजी लाने निर्देश मिले हैं। शहर की जागरूक जनता भी कार्यालय आकर राशि जमा कर रही है। शहर में 150-200 बड़े बकायादार हैं जिनसे वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी वे राशि अदा नहीं करते हैं तो नोटिस दिया जाएगा।*

*-दिलीप चंद्राकर, राजस्व प्रभारी, नपा महासमुंद*

### छुट्टी के दिनों में भी कर्मचारी रहेंगे दफ्तर में

मार्च क्लोजिंग को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे द्वारा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में कर्मचारियों को बैठने हेतु आदेश जारी किया गया है। साथ ही नगर पालिका के चालू वित्तीय वर्ष 2024-25, एवं पिछला बकाया टैक्स जमा करने के लिए शनिवार, रविवार अवकाश के दिनों में भी नगर पालिका में जलकर, भवन संपत्ति कर, समेकित कर, बाजार साइट किराया की राशि जमा किए जाने की व्यवस्था होगी। जिसके लिए वार्ड तय कर कर्मचारियों को कार्यालय में बैठने के लिए आदेश जारी किया गया है।

### हर साल बढ़ रहा टैक्स का बोझ

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व वर्षों का भी बकाया बढ़ता जा रहा है। पूर्व वर्षों का बकाया 32.16 लाख रुपए है। जिसमें 10.18 लाख रुपए वसूली हुई है। इसी प्रकार समेकित कर 57.59 कुल बकाया है। इसमें 11.90 लाख रुपए वसूली, जलकर का कुल बकाया 267.98 लाख रुपए में से 23.07 लाख रुपए, दुकान किराया 4.44 लाख रुपए में से 0.63 लाख, यूजर चार्जेस 71.56 लाख में से कोई राशि वसूल नहीं हो पाई है। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 433.73 लाख रुपए है जिसमें 45.78 लाख वसूली हुई है। चालू व पूर्व वर्षों का कुल बकाया चालू और पूर्व वर्षों का कुल बकाया 751.60 लाख रुपए है। फरवरी तक 190.65 लाख (25.37 प्रतिशत) ही वसूली हुई है। सबसे ज्यादा बकाया जलकर का ही है। 400.53 लाख बकाया है जिसमें से 58.29 लाख (14.55 प्रतिशत) वसूली हुई है। इसी प्रकार संपत्ति कर का बकाया 112.95 लाख में से 28.90 लाख (25.90 प्रतिशत) वसूली, समेकित कर 113.23 लाख जिसमें से 24.42 लाख (21.57 प्रतिशत) वसूली, दुकानों का किराया का कुल बकाया 17.35 लाख में से 2.74 लाख (15.79 प्रतिशत) वसूली और यूजर चार्जेस 107.54 लाख में से 13.75 लाख (12.79 प्रतिशत) की वसूली हो पाई है।

# जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत महासमुंद के अध्यक्ष

- जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

और उपाध्यक्ष के निर्वाचन पश्चात शनिवार को निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन का आयोजन जिला पंचायत परिसर में विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंचस्थ अतिथियों में लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, येतराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, राज्य आयोग की सदस्य सरला केसरिया, पूर्व भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ओपी चौधरी, नगर पालिका महासमुंद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व जनपद अध्यक्ष महासमुंद यतेंद्र साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक द्वारा शपथ दिलाई गई। सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने शपथ ली। तत्पश्चात उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने शपथ ली। पश्चात क्रमशः जिला पंचायत सदस्यों में जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, सृष्टि अमर चंद्राकर, देवकी पटेल, नयन पटेल, रवि साहू फरोदिया, करण सिंह दीवान, रामदुलारी सिंहा, जगमोती भोई, सीमा लोकेश नायक, देवकी दीवान, मोक्ष प्रधान, लोकनाथ बारी, कुमारी भास्कर शामिल है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमन्य नागरिक भी मौजूद रहे।



# बंदियों के लिए निर्मित 2 नए बैरकों का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला जेल में परिरुद्ध बंदियों के लिए नवीन मद योजना वर्ष 2018-19 के तहत 25-25 कुल 50 बंदी क्षमता के 02 बैरकों का निर्माण किया गया है। जिसका शनिवार को मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला जेल की वर्तमान क्षमता 170 की है उक्त 02 नवीन बैरकों की सुविधा के बात जेल की क्षमता 170 से बढ़कर 220 हो जाएगी। जिससे जेल की ओवर क्राउडिंग में कमी आएगी। जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा ने बताया कि नवीन बैरकों में प्रथम बार जेल आए बंदियों को रखा जाएगा। इस दौरान न्यायाधीश एवं उपस्थित अधिकरी गण द्वारा प्रमुख रूप से जेल विस्तारीकरण हेतु जमीन हस्तांतरण, और नये बैरकों के निर्माण, आधुनिक विडियों कॉफ्रेंसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था, सरायपाली में 300 की क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

### गर्मी में नहीं होगी पानी की किल्लत: निखिलकांत



**महासमुंद।** नगर पालिका ने ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को तीन टाइम पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष तैयारी की है। इसके लिए तीन टाइम पानी की सप्लाई को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर जल विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। आज से तीन समय पानी की आपूर्ति घरों में होगी। नगर में लगभग 75 से 80 हजार आबादी निवास करती है। इनको प्रतिदिन नगर पालिका का जल विभाग ओवरहेड टैंकों के माध्यम से पानी सप्लाई की जाती है। जल विभाग के प्रभारी सीताराम तेलक ने बताया है कि विगत दिनों ग्रीष्मकालीन में तीन टाइम पानी सप्लाई सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में श्री साहू द्वारा बैठक आहुत कर कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में आज से नागरिकों को सुबह, दोपहर और शाम को पानी सप्लाई शुरू कर दी गई है। दोपहर में भी आधा घंटा से अधिक पानी सप्लाई होगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि गर्मी में पानी की किल्लत नहीं होगी। इसे लेकर तैयारी कर ली गई है। 22 मार्च से ओवरहेड टैंकों से सुबह 6.30 बजे, दोपहर 2 बजे एवं शाम 7 बजे पानी की सप्लाई की गई। पानी के अपव्यय को रोकने के लिए जल विभाग की टीम गठित कर रोजाना सुबह, दोपहर, शाम वार्डों में निरीक्षण कर टुल्लू पंप से पानी भरने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश नपाध्यक्ष ने दिए हैं।

# च्वाइस सेंटर में चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

च्वाईस सेंटर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने च्वाइस सेंटर से 40 हजार रुपए की चोरी की थी।

पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी कृष्णा साहू ग्राम खल्लारी महासमुंद ने चौकी भंवरपुर रिपोर्ट लिखाई थी कि 28 फरवरी को उसने च्वाईस सेंटर के गल्ले में 40 हजार रुपए नगद रखकर चाबी से लॉक करके उसके नीचे रख दिया। दूसरे दिन 1 मार्च को देखा तो गल्ले में रखे पैसे नहीं थे। सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर रात्रि 2.47 बजे अज्ञात आरोपी द्वारा खिड़की की ओर से अंदर घुसकर च्वाईस सेंटर के गल्ले में रखे 40000 रुपए को ले गया है।



विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा चोरी के संबंध में 2 संदिग्ध व्यक्ति हरिलाल बाघ पिता संतु लाल बाघ निवासी ग्राम सलखंड तथा राकेश सिदार पिता जनक राम सिदार ग्राम सलखंड से पूछताछ की गई, इस दौरान उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से च्वाईस सेंटर चोरी किए गए 40000 रुपए में से 5000 रुपए को जब्त किया गया, शेष 35000 रुपए को आरोपियों द्वारा खाने-पीने में खर्च कर देना बताया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत कार्रवाईकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# अवैध संबंध बनाने की पेशकश, थाने में हुई शिकायत, जांच जारी

**महासमुंद।** पिथौरा वन विभाग कार्यालय अंतर्गत तेंदूपत्ता प्रभारी द्वारा अपने सहकर्मी महिला से अवैध संबंध बनाने के लिए दबाव बनाए जाने की शिकायत का मामला सामने आया है। इस मामले में थाने में की गई शिकायत के बाद अब तक जुर्म दर्ज नहीं किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र कार्यालय पिथौरा में दैनिक वेतन भोगी महिला कर्मचारी करीब 10 वर्षों से भी अधिक समय से कार्यरत है। वन विभाग के अन्य कर्मचारी तेंदूपत्ता प्रभारी सत्यम कुमार कश्यप ने महिला कर्मचारी को 18 मार्च दोपहर 2:00 बजे फोन लगाकर तेंदूपत्ता से संबंधित कार्य होना बोलकर अपने कार्यालय बुलाया। महिला ने बताया इस दौरान वे एक जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर रही थी। बुलावे के बाद वे कार्यालय पहुंची। शिकायत के अनुसार जहां सत्यम कुमार कश्यप ने उक्त महिला सहकर्मी से कहा मेरी बीबी के साथ मेरा संबंध ठीक नहीं है। मुझे समय बिताने के लिए एक महिला सहयोगी की आवश्यकता है क्या आप मेरे साथ 8/15 दिन में एक बार संबंध बनाने की बात कहते हुए अभद्र और अश्लील टिप्पणी यह और बोले भविष्य में मैं तुम्हारा अधिकारी बन कर आऊंगा और तुम मेरे अधीनस्थ अच्छे से काम कर पाओगी। विरोध करके महिला वहां से चली गई। मामले की शिकायत थाने में दी गई है। टीआई उमेश वर्मा ने कहा मामले की शिकायत प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में आरोपी का बयान लिया गया है और कार्यवाही की जा रही है। मामला महिला उत्पीड़न का है उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। प्रत्यूष टांडे प्रभारी रेंजर पिथौरा ने बताया कि डीएफओ को मामले की जानकारी दे दी गई है। दोपहर तकरीबन 1 बजे डीएफओ पंकज राजपूत एसपी के दफ्तर से निकलते देखे गए।

## शराब के खिलाफ बिरकोनी में भारत माता वाहिनी ने खोला मोर्चा

# बिरकोनी में शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी पंचायत भवन में

- गांव को नशा मुक्त बनाने निकाली रैली,ग्रामीणों को किया जागरूक

अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्राम पंचायत समिति के सदस्य व भारत माता वाहिनी समूह के सदस्यों द्वारा जनजागरुकता रैली निकाली।

सरपंच चंदन चंद्राकर, उपसरपंच गिरीश चंद्राकर व पंच सहित भारत माता वाहिनी के संयोजक शत्रुहन साहू के नेतृत्व में महिलाओं ने ग्राम पंचायत भवन से रैली निकाली। इस अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालों के पास जाकर, अवैध शराब बिक्री बंद करने की समझाइश दी। सरपंच चंदन चंद्राकर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। बच्चों के पढ़ाई व पारिवारिक कलह होती है, परिवार में अशांति असंस्कार पनपता है।



भारत माता वाहिनी की महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पवन साहू, सुनीता मांडे, वेदप्रकाश मंडलोई, कमला साहू, सावित्री बाई पटेल, टकेश्वर सेन, डेरहीन बाई ध्रुव, दीपकुमार चंद्राकर, लाकेश्वरी यादव, संतोषी निषाद, लक्ष्मी पटेल, केशर साहू, भुनेश्वरी साहू, हेमराज चंद्राकर, फागुलाल साहू, नेहा साहू, तुकेश साहू, महावीर निषाद, देवकी बाई, बाबूलाल निषाद, पुरुषोत्तम साहू, गोविंद साहू, देवंतीन मंडलोई, फेटकन साहू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

**रायपुर।** ग्राम पंचायत उपरवारा अभनपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों बीके सविता, बीके रामेश्वरी द्वारा नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राजयोग अनुभूति के विषय में बताया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संतराम साहू, सरपंच हेमा तुलाराम पंडेल, उप सरपंच जगमोहन साहू, साहू समाज उपरवारा के सचिव भागीरथी साहू, कोषाध्यक्ष व पंच प्रेमलाल साहू, दीनू साहू, अधिवक्ता लोकेंद्र कुमार साहू, रोमेंद्र साहू, शिवम साहू, जयप्रकाश देवांगन, शरद साहू, दीपेश साहू एवं समस्त पंच एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### लूट के तीन मामलों का खुलासा पांच आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के टैगोर नगर में शुक्रवार को तड़के पांच बजे 64 वर्षीय बुजुर्ग कारोबारी से चाकू की नोक पर सात हजार रुपए कैश तथा सोने की अंगूठी लूट के आरोप में पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है। पूछताछ में बदमाशों ने तीन अलग-अलग जगहों पर लूट का अपराध कबूल किया है। मोहन लाल सोनी से लूट के आरोप में पुलिस ने तेलीबांधा निवासी राहुल गौंद्रे, मोहम्मद ताज खान, रॉकी तांडी, राजा कन्नौजे, मोहम्मद ताहिर खान को गिरफ्तार किया है। मोहन लाल ने पुलिस को बताया है कि वह तड़के पांच बजे मॉर्निंग वाक करने निकला था। इस दौरान वह टैगोर नगर चौक पर बने हनुमान मंदिर के पास आराम करने के लिए बैठा था। इसी बीच एक एक्टिवा तथा एक बाइक में सवार छह बदमाश उसके पास पहुंचे और चाकू की नोक पर धमकाते हुए बदमाशों ने मोहन लाल की जेब से नकदी रकम लूटने के साथ ही सोने की अंगुठी लूटी और मौके से फरार हो गए। मोहन लाल के साथ लूट करने के बाद बदमाश अपनी दोपहिया से तेलीबांधा की ओर फरार हो गए। इसके बाद बदमाश वीआईपी रोड, फुंडहर के पास दो अलग-अलग लोगों के साथ मोबाइल, कैश तथा सोने की चेन और अंगूठी लूट की। पुलिस ने कोतवाली तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक ही पैटर्न पर लूट होने पर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की।

# जमीनी कर्मचारियों में सबसे बदहाल स्थिति पंचायत सचिवों की : पुनीत

## पंचायत सचिवों की हड़ताल तेज, एक अप्रैल को मंत्रालय घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। 16 मार्च से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल ने



प्रदेशभर में पंचायत विभाग का कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया है। पंचायत सचिव संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सिन्हा ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए ऐलान किया कि यदि 31 मार्च तक मांगें नहीं मानी गईं तो 1 अप्रैल को सचिव बड़ी संख्या में नवा रायपुर स्थित मंत्रालय का घेराव करेंगे।



**महासमुंद।** शासन-प्रशासन के आदेश को दमनात्मक करार देते हुए प्रतियां जलाते हुए महासमुंद सचिव संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य।

पंचायत सचिव संघ का कहना है कि सरकार की बेरुखी के चलते पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा अब तक नहीं मिल सका है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सिन्हा ने बताया कि 1995 में पंचायत सचिवों की नियुक्ति मात्र 500 रुपये मानदेय पर हुई थी। समय के साथ पंचायत राज व्यवस्था के तहत उनके कार्यभार में बेतहाशा वृद्धि हुई, लेकिन वेतन और सुविधाओं में मामूली सुधार ही हुआ। सिन्हा ने शिक्षा कर्मियों और पंचायत सचिवों की तुलना करते हुए बताया कि दोनों की नियुक्ति एक ही समय में हुई थी, लेकिन शिक्षा कर्मियों को शिक्षा विभाग में संविलियन का लाभ मिला। जबकि, पंचायत सचिवों को अब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल पाया। पंचायत सचिव ग्रामीण स्तर पर 22 विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों को संचालित कर रहे हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की जिम्मेदारी निभाने वाले ये सचिव बेहद कम वेतन में काम करने को मजबूर हैं। यही कारण है कि अब वे आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार पंचायत सचिवों की मांगों को गंभीरता से लेती है या नहीं। लेकिन यह तय है कि अगर सचिवों का यह आंदोलन लंबा चला, तो प्रदेश के पंचायत स्तर पर विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

### सचिवों पर दमन का प्रयास लेकिन आंदोलन जारी

पंचायत विभाग के संचालक द्वारा 24 घंटे के भीतर हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर लौटने का आदेश जारी किया गया है, जिससे सचिवों में आक्रोश बढ़ गया है। संघ ने इसे आंदोलन कुचलने की साजिश बताते हुए कहा है कि सरकार को इस तरह की दमनकारी नीति अपनाने के बजाय सचिवों की मांगों को पूरा करना चाहिए।

### आंदोलन की वजह से ठप हुआ पंचायत विभाग

प्रदेशभर में पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों का कामकाज ठप पड़ा हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने को है, लेकिन नए पंचायत पदाधिकारी शपथ लेने के बावजूद कार्यभार नहीं संभाल पा रहे हैं। इससे न केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### अप्रैल को सचिवों का शक्ति प्रदर्शन, सरकार पर बढ़ेगा दबाव

यदि 31 मार्च तक सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो 1 अप्रैल को प्रदेशभर के पंचायत सचिव राजधानी रायपुर कूच करेंगे और मंत्रालय का घेराव करेंगे। संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा।

# महतारी वंदन की राशि की वसूली शराब से करना चाह रही सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा राज्य में 67 नई शराब दुकान खोलने के निर्णय का विरोध करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में शराब दुकान खोलकर गांव के शांत वातावरण को अशांत करने की तैयारी भाजपा की साय सरकार कर रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, लगातार शराब की खपत बढ़ाने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।



श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार महासमुंद के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 स्थानों पर शराब दुकान खोलने जा रही है। यह सरकार महासमुंद सहित पूरे प्रदेश को शराब में डुबोना चाह रही है। प्रदेश में 67 से अधिक नई शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। इसमें महासमुंद जिला भी शामिल है। महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने से गांवों में लड़ाई-झगड़ा बढ़ जाएगा। महिलाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शराब की बुरी लत में फंस जाएंगे। कम उम्र के युवाओं को शराब का लत लगेगा। यह सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलेआम शराब परोसने की तैयारी कर रही है।

### महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर हुई कार्यशाला

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में एवं सब्या पटेल (विभागाध्यक्ष -रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ .राजेश डोरिया (सहायक प्राध्यापक) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (एनआईटी) छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में रसायन अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ .एमके देव (प्राध्यापक), डॉ एमके राय (प्राध्यापक) एवं डॉ कमलेश श्रीवास मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता डॉ राजेश डोरिया द्वारा साइबर सिक्योरिटी, पेट डॉग, क्लीनिंग रोबोट, चैट जीपीटी, सीरी, अलेक्सा डिवाइस, आईबीएम द्वारा निर्मित वाटसन सॉफ्टवेयर, वर्किंग आफ एआई की परिपेक्ष में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग से अनिल गुप्ता (अतिथि व्याख्याता), जेपी मरकाम (सहायक प्राध्यापक जेबीएस), पी बाघ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तालाब के पास तान दी दोमंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग, निगम ने तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में पहाड़ी तालाब के पास एक व्यक्ति ने दो मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग का अवैध रूप से निर्माण किया हुआ था, जिसे शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा निगम की टीम ने कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बने 16 शेड, 12 पाटा-चबूतरा तथा 4 ठेले-गुमटी को भी हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन-5 क्षेत्र के तहत कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की है। निगम की टीम इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं कब्जों को हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान निगम ने सबसे पहले कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से बनी



कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की।

टीम ने इसके बाद कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बनाए गए 16 शेड निर्माण को तोड़कर हटाया। इस मार्ग पर दुकानों के सामने अवैध रूप से नाली-नाले के ऊपर बनाए गए 12 पाटा-चबूतरों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा 4 ठेले-गुमटी को भी सड़क से हटाने की कार्रवाई की।

### गंदगी फैलाने पर 14 व्यापारियों से 28500 जुर्माना वसूला

निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान 14 दुकानों के सामने सड़क पर सामान रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले में भी कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया। इन सभी व्यापारियों से जुर्माना के रूप में कुल 28 हजार 5 सौ रुपए वसूल किया।

### रायपुरा में सब्जी मंडी की 6 अवैध दुकानें तोड़ी गईं

निगम की टीम ने रायपुरा स्थित शास्त्री बाजार सब्जी एवं फल मंडी थोक व्यापारी कल्याण सोसाइटी द्वारा तैयार किए गए व्यावसायिक काम्पलेक्स में अवैध रूप से बनाई गई 6 दुकानों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर ने बताया कि अवैध निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए निर्माणकर्ता द्वारा जोन कार्यालय में आवेदन किया था, जिसे छत्तीसगढ़ नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक में रखा गया था। इस बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक द्वारा नियमितीकरण अधिसूचित तारीख 19 जुलाई 2022 के बाद निर्माण कार्य होने के कारण निरस्त कर दिया। इसके बाद निगम द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ने तीन बार सोसाइटी को नोटिस भेजा गया, जिसका पालन नहीं किया गया। इस मामले में अब कार्रवाई करते हुए इन दुकानों को तोड़ा गया।

# बस संचालकों की मनमानी विधायक ने विस में उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

विधायक चातुरी नंद ने सरायपाली

**सरायपाली से रायपुर की यात्रा में बस संचालकों द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर लिया संज्ञान**

**सीएम से भेंटकर सरायपाली से रायपुर तक सिटी बस चलाने की रखी मांग**

से रायपुर की यात्रा में अधिक किराया वसूलने की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए विधानसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। शून्यकाल की सूचना में विधायक चातुरी नंद ने कहा है कि सरायपाली क्षेत्र रेल सुविधा से अछूता क्षेत्र है। जिसके कारण यातायात सुविधाओं के लिए पूरी तरह से निजी बसों पर निर्भर है। क्षेत्र की जनता जिला मुख्यालय महासमुंद से लेकर राजधानी रायपुर तक की यात्रा निजी बसों करते है। निजी बसों के संचालकों द्वारा



किराया भाड़ा में मनमाना रवैया अपनाया जाता है और मनमाफिक पैसे की वसूली यात्रियों से की जाती है। विधायक नंद ने कहा कि सरायपाली से रायपुर तक मेट्रो, साईं, रॉयल सहित अन्य बस संचालकों द्वारा 250 रुपए यात्रा भाड़ा लिया जाता है।

इन बस संचालकों द्वारा पिथौरा, तुमगांव, आरंग के यात्रियों से भी रायपुर के दर पर 250 रुपए लिया जा रहा है। यात्रियों द्वारा शिकायत करने पर बदतमीजी और दुर्व्यवहार किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि इन बस संचालकों के द्वारा प्रतिदिन अप-डाउन करने वाली महिला शासकीय कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया जाता है और उन्हें किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाती है। पिथौरा में बस संचालकों द्वारा निर्धारित राशि से अधिक किराया वसूल कर 2 किमी पहले ही उतार दिया जा रहा है इसकी शिकायत स्थानीय युवकों ने परिवहन विभाग के जिम्मेदार अफसरों से की है। उसके बावजूद बस संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है। विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री से भेंटकर यात्रियों की सुविधा के लिए सरायपाली से रायपुर तक सिटी बस चलाने की मांग भी रखी है।

**वार्ड में निर्धारित से कम भेजे जा रहे सफाई कर्मी**

# दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना किया, एक सुपरवाइजर को नोटिस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रत्येक वार्ड में ठेकेदार के अंडर में काम करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या निर्धारित है। इसके बाद भी कई वार्ड में निर्धारित संख्या के अनुसार सफाई कर्मियों को भेजा नहीं जा रहा है, जिसके कारण उस वार्ड में सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे ही कुछ वार्ड के संबंधित जोन कमिश्नर ने दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं एक सुपरवाइजर जो बिना अनुमति के तीन दिन से अनुपस्थित है, उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### वार्ड नंबर 7 में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली

नगर निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्त ने जोन-9 अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 में शुक्रवार को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली। पूछताछ की, तो पता चला कि वार्ड के प्रभारी सफाई सुपरवाइजर नरेश कुमार तीन दिन से ड्यूटी पर ही नहीं पहुंचा है। वह बिना सूचना के छुट्टी पर चला गया है।

निरीक्षण के दौरान जोन क्षेत्र में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी काम करते मिले। इस मामले में अधिकारियों ने जोन-9



सफाई गैंग के ठेकेदार कमलेश राजपूत पर भी 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर निर्धारित 15 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने कहा। इसके बाद भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुचेंगे, तो ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर उसका नाम काली सूची में डाले जाने की चेतावनी दी गई है।

### परमहंस वार्ड में भी मिले निर्धारित से कम सफाई कामगार

निगम अधिकारियों ने जोन 8 क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर-20 में भी निर्धारित से कम संख्या में सफाई कामगार काम करते मिले। अधिकारियों ने इस वार्ड के सफाई ठेकेदार दानेश्वर शेन्द्रे को नोटिस जारी किया और 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। अधिकारियों ने यहां भी सफाई व्यवस्था को 2 दिनों में सुधारने के निर्देश दिए हैं।

# एसटीपी रेटिंग में भाठागांव को 3 स्टार, निमोरा-कारा व चंदनीडीह को 4 स्टार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जल ही अमृत योजना 2.0 के तहत शहरों में बनाए गए एसटीपी की भारत सरकार ने थर्ड एजेंसी के माध्यम से जांच कराई है। इस जांच के आधार पर राजधानी रायपुर में अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए 4 एसटीपी को रेंटिंग दिया गया है।

इसके तहत भाठागांव को 3 स्टार तथा ग्राम निमोरा, ग्राम कारा एवं ग्राम चंदनीडीह को 4 स्टार की रेटिंग दी गई है। भारत सरकार ने इन चारों एसटीपी सहित प्रदेश के कुल 11 एसटीपी के लिए 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी जारी की है।



### राज्य में 4 स्टार रेटिंग पाने वाला रायपुर पहला शहर बना

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल ही अमृत 2.0 योजना के तहत सभी राज्यों द्वारा जल के कुशल पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जल ही जीवन कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित 11 एसटीपी के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है।

# गंभीर लापरवाही, बूढ़ातालाब में फेंक दी एक्सपायरी दवाएं

**रायपुर।** दवाओं के एक्सपायरी होने पर उन्हें नियमानुसार बायोमेडिकल वेस्ट मानकर नष्ट करना होता है। राजधानी में कतिपय लोगों द्वारा इस पर गंभीर लापरवाही बरतते हुए खुजली से राहत देने वाली क्रीम बूढ़ातालाब में फेंक दी गई।

मेलामेट नामक यह क्रीम सैकड़ों की संख्या में पानी में तैर रही, जो जोखिम का कारण बन सकती है। बूढ़ातालाब के किनारे बनाए गए परिक्रमा पथ में नेहरू नगर वाले हिस्से में तालाब के भीतर किसी पॉलिथीन में भरकर मेलामेट नामक क्रीम फेंकी गई। क्रीम पॉलिथीन से बाहर आकर पानी में तैरने लगी और वहां आवाजाही करने वालों की नजर उस पर पड़ी। वर्ष 2021 में बनाई गई यह क्रीम 2023 में एक्पायरी हो चुकी है। आशंका है कि आसपास के किसी मेडिकल स्टोर्स वाले द्वारा यह क्रीम लाकर तालाब में फेंका गया होगा, जो गंभीर लापरवाही है। नियम के मुताबिक किसी भी तरह की दवा अथवा सर्जिकल आयटम कालातीत होने के बाद बायोमेडिकल वेस्ट की श्रेणी में आ जाता है।

### मेडिकल प्रवेश के लिए तीन वर्ष का आय प्रमाणपत्र नियम रद्द करने मुख्यमंत्री से मांग

**रायपुर।** मेडिकल प्रवेश के लिए पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर से तीन साल के आय प्रमाणपत्र मांगने के नियम रद्द करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कर्मचारी-अधिकारी संघ द्वारा इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया है। सिस्मट ऑनलाइन होने के बाद लगातार तीन साल का आय प्रमाण पत्र बनना बंद हो गया है। संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री राजेश चंद्राकर ने बताया कि तीन साल के आय प्रमाण पत्र की मांग अव्यवहारिक है। पूर्व में भी इस मांग पर विभिन्न संगठनों द्वारा आपत्ति जताई गई थी जिसके पर संचालनालय चिकित्सा शिक्षा द्वारा आय प्रमाण पत्र के नियम की डिमांड नहीं किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

**भाजपा की बैठक में फैसला, हर मंडल और जिले से भारी संख्या में सभा में पहुंचने के निर्देश**

# मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर से लेकर पंच, सरपंच सभी रहेंगे मोदी की सभा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिल्हा विधानसभा के मोहभट्टा में 30 मार्च को होने वाली सभा में प्रदेश भाजपा संगठन ने दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को हुई बैठक में तय किया गया, पीएम की सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, प्रदेश के सभी सांसद, विधायकों के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने वाले महापौर, सभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंच और सरपंच सभी को रहना है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत इस बात की प्रतीक है कि हमारी पहचान कमल का निशान हैं। आज ऐतिहासिक सफलता के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि



अपनी जवाबदेही को न भूलें। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को देते हुए श्री नवीन ने कहा, जनप्रतिनिधि के नाते जनता की बात सुनें, उनकी समस्याओं के निदान में प्रामाणिकता का परिचय दें। श्री नवीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा है। श्री नवीन ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

### पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम : किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, लगातार सवा साल से विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव, उप चुनाव, के बाद निकाय और पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक जीत हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। यह अभूतपूर्व विजय है। विधानसभा चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 46 था जो लोकसभा में बढ़कर 51 प्रतिशत हुआ और निकाय व पंचायत चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 56 हुआ है। श्री देव ने कहा, यह बड़ा जनादेश है। पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का लक्ष्य पूर्ण हुआ। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

### छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाना है : अरुण साव

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, चहुंओर केसरिया और भगवा फहरा रहा है। लेकिन बदली तो सिर्फ सत्ता है अब व्यवस्था को बदलने की जिम्मेदारी हमें निभाना है। व्यवस्था में परिवर्तन लाकर हम छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाएं। निकाय व पंचायत चुनाव में जीत हासिल ऐतिहासिक है उस बड़ी जीत को विनम्रता से स्वीकार कर अब व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य संस्कृति में बदलाव लाना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व कार्ययोजनाओं की रूपरेखा रखी। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के बिहार दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी।

खबर संक्षेप

## आबिद ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण, हर्ष



**बागबाहरा।** शहर के आबिद खान पिता स्व. अनवर कुरैशी ने ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस कामयाबी पर सैय्यद नियाज अली, हरमीत सिंग बग्गा, हनी गंभीर, पार्षद प्रेम साहू, अजीत तांडी, आदर्श शुक्ला, शब्बीर परमार व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।



## स्कूलों में परीक्षा, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** जिले के विभिन्न स्कूलों में संचालित 8वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण सहायक संचालक रायपुर संभाग आलोक चांडक, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा एवं संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी रामानंद ध्रुव द्वारा किया गया। जिसमें शासकीय डीएमएसउमावि महासमुंद, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोंगरा, शाउमावि शेर, शाउमावि पचेड़ा (बागबाहरा), गुरुकुल आश्रम कोसरंगी का निरीक्षण किया गया। परीक्षा संचालन शांतिपूर्ण पाया गया।

## छत्तीसगढ़ी बोली, भाषा और संस्कृति नहीं दिख रही



**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे बिहार तिहार को लेकर कहा कि आने परदेश म हमर स्थापना दिवस या बोली भाखा संस्कृति के सम्मान करही का। आगे डॉ. चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार, यूपी, पंजाब और साउथ सहित सभी राज्य के संस्कृति दिखाई दे रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ी बोली भाषा और संस्कृति नहीं दिखाई दे रही है। भारतीय जनता पार्टी को बाहरी जनता पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सभी धर्म और सभी लोगों का सम्मान करती है तो हम इसका स्वागत करते हैं। लेकिन इस दिवस को भारतीय जनता पार्टी अपने प्रभारी नितिन नबीन की खुश करने के लिए मना रही है। साथ ही बिहार में चुनाव होने वाले हैं और चुनाव को देखते हुए यह दिवस मनाया जा रहा है।

### कार्यक्रम : विधानसभा के समिति कक्ष में हुआ आयोजन

# विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शुक्रवार को विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित विश्व वानिकी दिवस संगोष्ठी में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. निवास राव और विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वर्ष 2025 'फारेस्ट एंड फूड' थीम पर आधारित है, जो इस बात पर बल देता है कि वन केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि पोषण, रोजगार और संस्कृति का भी स्त्रोत हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने 'वाइल्ड एडिबल प्लांट्स इन छत्तीसगढ़ स्टेट' पुस्तक का विमोचन किया और पुदीना-मिंट फ्लेवर के बस्तर काजू प्रोडक्ट को लॉंच भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के वन विश्व के सबसे सुंदर वनों में गिने जाते हैं। साल एवं सागौन के वृक्ष यहां की प्राकृतिक शोभा हैं।




# दिव्य जीवन संघ ने फूलों से मनाई होली, शहरवासी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



दिव्य जीवन संघ महासमुंद द्वारा होली मिलन समारोह स्थानीय स्वामी शिवानंद योग भवन कचहरी चौक में मनाया गया। दिव्य जीवन संघ परिवार के बच्चे युवा बुजुर्ग माताएं बहनें एवं नागरिक हर्ष उल्लास के साथ योग भवन पहुंचे। दिव्य जीवन संघ के सदस्यों ने सभी के ऊपर फूलों की वर्षा कर एक आध्यात्मिक होली खेली और गीत संगीत के माध्यम से सभा को अलौकिक बना दिया।

तत्पश्चात होली का प्रसाद वितरण किया और सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। होली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, योगाचार्य तारेंद्र चंद्राकर ने बताया और कहा कि होली खुशियों का पर्व है और खुशी-तब आएगी जब हम सभी अपनी। बुराइयां जिनका पांच विकार काम,क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ईर्ष्या द्वेश नफरत को त्यागना है दुःख का अनुभव करने वाली बुराई का त्याग करते हैं तो आत्मा को खुशी और शान्ति की प्राप्ति होती है।

परमात्मा जो हमारे पिता है वे हमसे यही चाहते हैं। होली हमें सिखाती है जीवन रंगों की तरह विविधतापूर्ण होना चाहिए कि हमें एक दूसरे को प्रेम सद्भाव का रंग लगाना चाहिए। यह पर्व रिश्तों में जमी खटास मिटाने का पर्व है।

## मचेवा में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मचेवा में निदान दुर्गा ग्रुप द्वारा एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर इनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सामाजिक कार्य के अध्ययनरत दुर्गा ग्रुप से प्रीति तांडी, कुसुम विश्वकर्मा, योगेश्वरी साहू, द्रोपदी साहू, सोनाली चंद्राकर और थानेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम की महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से निदान दुर्गा ग्रुप ने सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।



## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने एवं विचार क्रांति अभियान तथा ज्ञान यज्ञ को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 325 संस्थाओं से 11000 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसका पुरस्कार वितरण 25 मार्च मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली में आयोजित किया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय स्तर तक नौ वर्गों में आयोजित किया गया था जिसमें सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय, एवन तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मेडल के साथ पुरस्कार राशि एवं आकर्षक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही संबंधित संस्था के संस्था प्रमुख एवं प्रभारी शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । अतः जिला स्तर में सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों एवं पालकों से निवेदन है कि वे गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली में 10.30 बजे तक अपनी उपस्थिति देंगे। पुरस्कार वितरण का समय 11 बजे से 2 बजे निर्धारित किया गया है।

# पालिका अध्यक्ष को आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों के पालकों ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेडनर मेमोरियल स्कूल में आरटीई (राइट टू एजुकेशन) के तहत अध्ययनरत बच्चों के पालक गण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मिलकर अपनी समस्या बताई। पालकों ने नपाध्यक्ष को बताया कि उनके बच्चे वेडनर स्कूल में आरटीई के तहत पढ़ रहे हैं। 8वीं कक्षा तक बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई हुई। अब कक्षा 9वीं से स्कूल द्वारा इन सभी बच्चों के पालकों से फीस मांगी जा रही है। जिससे पालक चिंतित हैं। पालकों ने बताया कि वे सभी गरीबी रेखा के नीचे आते हैं। भारी भरकम फीस वे नहीं भर पाएंगे। सभी पालक बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने पालिका अध्यक्ष साहू से इस दिशा में उचित पहल कर समाधान की मांग की। साहू ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना तथा उच्च स्तर पर मामले को संज्ञान में लाकर पहल करने आश्वस्त किया। इस दौरान पाकलगण रूपा भारती, जगेंदर साहू, मनोज स्वर्णकार, विनोद साहू, मनोज चंद्राकर, तुषार मदनकार, इंदर सिंग, चित्रलेखा, अनामिका यादव, प्रदीप गौतम आदि उपस्थित थे।



# आज महासमुंद पहुंचेगी राधा-कृष्ण की युगल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जगन्नाथ पुरी धाम के बलभद्र स्वामी के रथ का चक्का, श्री राधा कृष्ण युगल विग्रह की यह यात्रा भिलाई छत्तीसगढ़ से निकलकर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से यात्रा होते हुए रविवार शाम 5 बजे महासमुंद पहुंचेगी। यात्रा छत्तीसगढ़ से होते हुए ओडिशा कोमना जाएगी। सभी कृष्ण भक्तों से आग्रह है कि इस यात्रा में शामिल होकर दर्शन का लाभ ले सकते है।

अंबेडकर चौक पहुंचने पश्चात यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित राजू साहू के निवास पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद सुबह ओड़िशा के लिये प्रस्थान होगी। जय कान्हा सेवा समिति एवं आयोजन समिति ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक इस यात्रा में जुड़कर दर्शन लाभ प्राप्त करें ।



संस्था के सदस्यों में महेंद्र कुमार साहू, झनक लाल साहू, मनीष सरवैया पत्रकार, रमेश साहू, दिपक साहू चिंगरौद, विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, निखिल कांत साहू न.पा.अध्यक्ष, देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, पवन पटेल, हरबंश सिंह ढिल्लो, कुंजलाल सिन्हा, दिग्विजय साहू, अश्विनी सोनी पत्रकार, लखन पटेल, विजय साहू लाटोर, प्रदीप साहू, मनोज साहू, प्रमोद साहू, अंकित राय, आशुतोष साहू तथा महिला मंडल में श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती श्रद्धा सरवैया, श्रीमती शुभ्रा सोनी, श्रीमती भोजबाई साहू, श्रीमती चंद्रकांति साहू, श्रीमती सावित्री साहू, श्रीमती सोनी देवी साहू, श्रीमती कमलेश्वरी साहू, अनामिका साहू, रेणुका साहू, श्रीमती झमीन साहू, निधि साहू, श्रीमती मालती साहू, श्रीमति माधुरी साहू, श्रीमती धनजु राजपूत शामिल हैं।



## नेहरू चौक से स्टेशन रोड तक लगेगी ट्यूबलर लाइट, नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** स्थानीय नेहरू चौक से लेकर स्टेशन रोड अब ट्यूबलर लाइट से जगमगाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने ट्यूबलर पोल कार्य का भूमिपूजन किया। श्री साहू ने कहा कि ट्यूबलर लाइट लगने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद निश्चय चंद्राकर, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, नीरज राठौर, अंकित लूनिया, नोहर साहू, अम्मू साहू एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।



## जल संरक्षण दिवस पर ली गई शपथ

**तेंदूकोना।** विश्व जल संरक्षण दिवस पर ग्राम पंचायत सम्हर में जल को संरक्षित करने तथा जल को नष्ट नहीं करने की शपथ ली गई। जिसमें ग्राम पंचायत सम्हर के सरपंच किशोर कुमार साहू, पूर्व सरपंच लीलाधर परमार, रोजगार सहायक भीषम निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता साहू, सहायिका नेहा, सक्रिय महिला देवकुमारी पटेल, नंदू ध्रुव, लेखराम पटेल, नरेंद्र नायक, डॉ लोकनाथ साहू, चंद्रकला फूटान एवं अन्य गणमान्य महिला-पुरुष मौजूद रहे।



## पांचवी के छात्रों को दी गई विदाई

**नर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी में कक्षा 5 वीं के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कौशिल्या नूतन पटेल और विशेष अतिथि उपसरपंच रेखराम दीवान, पंच परमेश्वरी दीवान, सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष पोखन महानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर की गई। इस अवसर पर सरपंच पटेल ने संबोधित करते हुए बच्चों को कहा कि माता पिता व गुरु का सम्मान करने की समझाइश दी और सभी बच्चों को गुलाल से टीका लगाकर सम्मान कर विदाई दी गई। इस दौरान प्रधान पाठिका लता राजपूत, शिक्षक नीलकंठ पटेल, देवकी दीवान, राजकुमारी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## मूक बाधिर नाबालिग पखवाड़े भर से लापता

**कोमाखान।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मौलीमुड़ा वार्ड 2 निवासी नाबालिक लगभग एक पखवाड़े भर से लापता है। नाबालिग के माता पिता ठगियाबाई पति बल्लू जाति मेहर ने इसकी सूचना बागबाहरा थाने में दी गई है। नाबालिक के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री 17 वर्षीय जो आठवीं तक पढ़ी है। 7 मार्च को सायं 4-5 बजे के बीच पड़ोसी के जाने कहकर घर से निकली है। परंतु आज 15 दिन बीत जाने के बाद वापस घर नहीं लौटी है। रिपोर्ट में बताया है कि उनकी पुत्री मूक बाधिर है। उसके कहीं चले जाने के बाद आसपास तलाश किया गया पर नहीं मिली है। बहरहाल, सूचना पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर विवेचना में लिया है।

# प्राधिकरण के सचिव चंद्रा को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के कार्यालय में प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा का अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अधिकार मित्रों तथा प्रतिधारक अधिवक्ता, मेडियेटर अधिवक्ता और एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा की जिला रायगढ़ से मार्च 2022 में स्थानान्तरित होकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव के पद पर पदस्थापना हुई थी। वर्तमान में सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा का स्थानांतरण जिला रायगढ़ स्थित घरघोड़ा तालुका न्यायालय में सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के रूप में हुआ है।

सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर आरक्षी केंद्र में पदस्थ पैरालीगल वॉलेंटियरों के माध्यम से विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न शिविर आयोजित कर अनुकरणीय कार्य किए गए है।

# पिथौरा में श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी, सौंपी गई जिम्मेदारी, आकाश अग्रवाल अध्यक्ष बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शहर के रेस्ट हाउस में श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आकाश अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। अग्रवाल ने रामनवमी पर्व के दिन 20 निर्धन कन्या विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे आयोजन समिति ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया।

इस निर्धन कन्या विवाह में विवाहित जोड़े को उपहार और अन्य सामान समिति के द्वारा प्रदान किया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभायात्रा मंदिर चौक से प्रारम्भ होकर वही समापन होगा। पश्चात महाआरती होगी। आयोजन समिति के संयोजक विक्की सलूजा, सहसंयोजक जतिन ठक्कर होंगे।

रामजन्मोत्सव समिति के संरक्षक रुपकुमारी चौधरी सासंद महासमुंद, सम्पत अग्रवाल विधायक बसना, शंकर अग्रवाल पूर्व मंत्री भाजपा, देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, ठाकुर अनंत सिंह वर्मा पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सोहन निषाद अध्यक्ष ग्राम सभा शीतला समाज पिथौरा, वीरेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, गोपाल शर्मा अध्यक्ष ब्राम्हण समाज, अरविंदर छाबड़ा पूर्व एल्डरमैन नगर पंचायत पिथौरा, नंदू महंती अध्यक्ष करण उत्कल समाज पिथौरा, लक्ष्मीकांत बबलू सोनी पूर्व एल्डरमैन नगर पंचायत पिथौरा, तेजराम पटेल पूर्व सरपंच जंघोरा को शामिल किया गया। समिति का भी गठन किया गया है।




इसमें उपाध्यक्ष के लिये प्रमुख रूप से जितेंद्र सिन्हा, गोविन्द शर्मा, किशोर राजपूत, इंदेश्वर सिन्हा, नरेंद्र डडसेना, अनिमेष डे, निलेश ठक्कर, राजा शुक्ला, रवि अग्रवाल, रामजन्मोत्सव समिति में सचिव रमेश सिन्हा, सहसचिव इंद्रजीत विक्की सिन्हा. दुर्गेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष अंजय सिन्हा, सहकोषाध्यक्ष, अप्पू भोई, नगर को सजाना और शोभायात्रा के प्रभारी राजेश चौधरी, सोशल मिडिया प्रभारी अनमोल चावला, तुषार बंसल. मीडिया प्रभारी :- रमेश श्रीवास्तव, गौरव चंद्राकर, मनदीप होरा, राज उपाध्यक्ष, सोनू सेन भंडारा प्रभारी :- बंटी आजमानी, धन्नू राजपूत, देव सिन्हा, दीपक सिन्हा, मनोज कालसा, पोलेश मिश्रा, विक्की गुप्ता ओम सिन्हा, अर्जुन यादव, गोलू यादव, विक्की टूटेजा. टेंट प्रभारी :- सन्नी अजमानी, रमेश श्रीवास्तव. लाइट एंड साउंड :- हेमंत निषाद, कन्या विवाह प्रभारी :- सयोजक :- नंदू महंती, कौशल दास मानिकपुरी, पुष्पकांत पटेल, सुमित सिंघल, राजा खनूजा, दीपक सिन्हा, मोनू सलूजा शामिल है।

### निर्वाचन प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने भाजपा के विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी

# राठी का उपाध्यक्ष बनना संगठन की शक्ति और एकता की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पालिका महासमुंद में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी देवीचंद राठी की ऐतिहासिक जीत को संगठन की शक्ति और जनप्रतिनिधियों की एकता की जीत बताते हुए निर्वाचन प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष, समस्त सहयोगी पार्षदों और सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्वाचन पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में आभार सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा के पार्षदों सहित अन्य सभी सहयोगी पार्षदों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्र के जिला मुख्यालय में हुई इस जीत का श्रेय पार्टी की नीतियों और जनप्रतिनिधियों की दृढ़ संकल्प शक्ति का परिचायक है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद और संगठन के पदाधिकारियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि शहर के 30 वार्डों में भाजपा के 17 पार्षदों की संख्या होने के बाद भाजपा के विजयी उपाध्यक्ष प्रत्याशी देवीचंद राठी को 24 वोट मिलना ये साबित करता है कि अन्य सहयोगी पार्षदों को भाजपा की रीति नीति और कार्य योजनाओं पर पूरा भरोसा है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने भी नगर पालिका महासमुंद में भाजपा का उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरे कार्यकाल में शहर विकास और जनहित के लिए सभी को एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया।



नवनिर्वाचित नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के कुशल नेतृत्वकर्ताओं और सभी सहयोगी पार्षदों को देते हुए सदैव सभी से सहयोग और मार्गदर्शन का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने भी जिला मुख्यालय के नगर पालिका में भाजपा उपाध्यक्ष की ऐतिहासिक जीत पर पार्षदों, संगठन के पदाधिकारियों और सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर स्वच्छ, सुंदर और सशक्त नगरपालिका के रूप में पहचान स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एम आर विश्वनाथन, संदीप घोष, राहुल चंद्राकर, मीना वर्मा, गोपाल वर्मा, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, अरविंद प्रहरे, सीता टांडेकर आदि मौजूद रहे।


## खबर संक्षेप



### बोर में मशीन लगाने नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश


**महासमुंद।** नयापारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 6 व 7 स्थित विभिन्न बोर का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। श्री साहू ने खोदकर छोड़े गए बोर में तत्काल मशीन लगाकर जल वितरण शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर में मशीन लगने तथा छोटे सिंटैक्स टैंक लगा दिए जाएं तो मोहल्लेवासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को शीघ्र कार्य शुरू करने निर्देशित किया। पश्चात देर शाम तक सभी बोर में मशीन लगाने का कार्य किया गया।

### आल इंडिया हैंडबाल के लिए आशुतोष का चयन



**महासमुंद।** पं रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी से गत 16-17 मार्च को हैंडबाल पुरुष वर्ग में भुवनेश्वर (ओड़िशा) में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जहां रांची को 13-26 से व बस्तर को 14-18 से हराकर पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी की टीम में इमलीभांठा निवासी आशुतोष साहू का चयन आल इंडिया के लिए चयन हुआ। वे शिक्षक गजेंद्र साहू, शिक्षिका सविता साहू के पुत्र हैं। 24 मार्च को यह टीम शिमला के लिए रवाना होगी।

### अग्निवीर बने मोनेश ध्रुव



**महासमुंद।** भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा में वनांचल क्षेत्र सुकुलबाय (सिरपुर) निवासी मोनेश पिता टीका राम ध्रुव अग्निवीर में चयनित हुए। वे पीजी कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है और एनसीसी में प्रवेश लेने के बाद से ही अग्निवीर की तैयारी करते हुए प्रथम प्रयास में सफलता अर्जित की है। चयन में प्रदीप चंद्राकर, पुरुषोत्तम डड़सेना, कनक राम निषाद, युवराज सिंह चंद्राकर का योगदान रहा।

### याद करो कुर्बानी काव्यांजलि आज

**महासमुंद।** स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राणार्पण करने वाले क्रांतिवीरों सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की शहादत दिवस पर साहित्य समिति आस्था के संयोजन में, काव्यांजलि - याद करो-कुर्बानी का आयोजन आज किया गया है। यह आयोजन स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में अपरान्ह 3.30 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर होंगे व सभाध्यक्षता एस चंद्रसेन करेंगी। कार्यक्रम में कविगण देशप्रेम की कविताओं का पाठ करेंगे। समिति ने इस कार्यक्रम में सभी काव्य प्रेमियों को उपस्थिति का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में अध्यक्ष, आनंद तिवारी पौराणिक ने दी है ।

# एक महिला होने के नाते दूसरी महिलाओं की समस्याओं को समझना होगा : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे शराब व्यसन मुक्ति अभियान (भारत माता वाहिनी) योजनांतर्गत गठित भारत माता वाहिनी का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्टर महासमुंद के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशानुसार एवं जनपद पंचायत के मनरेगा भवन में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के संस्थापक, संचालक दुखनाशन प्रधान एवं समाज कल्याण विभाग महासमुंद विजय सिंहा, पंचायत इंस्पेक्टर जयलाल भोई, प्रवीण साहू मंचासीन थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित भारत माता वाहिनी के




पदाधिकारियों, सदस्यों को संबोधित करते हुए दुखनाशन प्रधान द्वारा कहा गया कि समाज सुधार में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। आप लोगों ने यदि ठान लिया तो गांव में न तो कोई शराब का अवैध विक्रय कर पाएगा और न ही सेवन।

शराब सेवन से महिलाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों पर प्रकाश डालते दुखनाशन प्रधान द्वारा कहा गया आप लोगों का निश्चिंत बैठना आप लोगों के लिए बहुत




ही खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि, भविष्य में आप लोगों के साथ भी कोई जघन्य व अमानवीय घटना घट सकती है, जिसका प्रमुख कारण शराब सेवन हो सकता हैं। आए दिन हो रहे तलाक पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधान द्वारा कहा अधिकतर तलाक का मुख्य कारण शराब सेवन है। आप एक महिला होने के नाते दूसरे महिलाओं की समस्याओं को समझना होगा। गांव में आप लोगों के आसपास यदि किसी माताएं, बहनों के साथ कोई शराब पीकर गलत व्यवहार करता है तो उसे रोकिए शराब पीने वाले भाइयों को समझाइए की एक महिला अपने घर संसार छोड़कर आपके भरोसे जीवन यापन कर रही है। उपस्थित भारत माता वाहिनी के पदाधिकारी सदस्यों को बताया गया गांव में कोई शराब की अवैध विक्रय या शराब सेवन कर गांव में हुड़दंग या किसी के साथ गलत व्यवहार किया जाता है तो संबंधित विभाग से संपर्क कर जानकारी देने की बात कही गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग महासमुंद विजय सिन्हा द्वारा विकासखंड अंतर्गत के सभी उपस्थित भोथलडीह, सिंघोड़ा, कुटेला आदी गांवों के भारत माता वाहिनी को नशामुक्त भारत अभियान का संकल्प दिलाया गया।

**आयोजन : जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रांगण में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

# बागबाहरा जनपद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। समारोह का आयोजन जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रांगण में निर्धारित समय में दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में बागबाहरा ब्लॉक के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच के साथ पूर्व सरपंचों एवं जनपद सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित क्षेत्र के अधिकांश नेता ग्रामीणजन एवं शहरवासी नवीन सदस्यों के शपथ ग्रहण के साक्षी बने।

शपथ ग्रहण के पूर्व सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों के साथ खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार एवं वरिष्ठजनों के साथ सभी जनपद सदस्यों ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित किया। तदुपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी ने अतिथियों को गुलदस्ते भेंटकर सम्मान मंच तक ले कर गए। बागबाहरा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार को पद एवं संविधान की शपथ दिलाई। इसके पश्चात पुनः सभी जनपद सदस्यों को अपनी सहभागिता निर्धारित करते हुए बारी-बारी से पद की शपथ दिलाई गई।

इस समारोह में महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर, रवि निषाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण, खिलेश्वरी बघेल अध्यक नगर पालिका बागबाहरा, देवेश साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, फिरोज मेमन, मनोहर ठाकुर, लखबीर छाबड़ा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, पंकज हरपाल, बड़ा खान, भक्त राम मांझी, विष्णु महानंद, शैलेश साहू, जुगराज बघेल, संतोष पटेल, सेतराम बघेल के साथ जनपद पंचायत बागबाहरा के अधिकारियों में साधारण कुर्रे चंपकलाल पटेल, पूजा पांडे एवं पूर्व सरपंचगण, एवन साहू, एडिशन ठाकुर समेत अन्य कर्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### पूर्व अध्यक्ष स्मिता ने सौंपा नवनिर्वाचित केशव चंद्राकर को पदभार

बता दें कि बागबाहरा जनपद पंचायत में 25 जनपद सदस्य हैं। जिसमें 16 महिलाएं एवं नवपुरुष निर्वाचित हुए हैं। इस कार्यक्रम का यादगार पल रहा कि पूर्व जनपद सदस्यों को जनपद पंचायत बागबाहरा टीम द्वारा उनके 5 साल के कार्यकाल के लिए श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पूर्व अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने अपनी परंपरा को निभाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर को नए पदभार सौंपते हुए हर्ष जताया। खल्लारी विधायक ने अपने उद्बोधन में इस शपथ ग्रहण समारोह की परंपरा को निभाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद सदस्यों को बधाई दी। उन्होनें क्षेत्र के विकास को सर्वोपरि बदलाते हुए एक साथ काम करने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत का विकास ही सही मायने में एक सफल राष्ट्र का निर्माण को सुदृढ़ करता है। आगे उद्बोधन में जनपद पंचायत में रही पूर्व अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने कहा कि उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। उन्होंने मुख्य बातें रखी कि सिकासेर जलाशय के उलट का पानी लाने का सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसके लिए वे भी हमेशा प्रयासरत रही। मंच संचालन राजेश कौशिक ने किया।

# अवकाश के दिन भी जमा होगा टैक्स, 31 मार्च अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा राजस्व वसूली में

- नपाध्यक्ष ने करदाताओं से की टैक्स जमा करने की अपील




तेजी लाने तथा नागरिकों को सुविधा प्रदान करने अब छुट्टी के दिन भी टैक्स काउंटर खुला रखने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से समय अवधि में अपनी सभी देय करों का भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए 31 मार्च 2025 तक पड़ने वाले सभी शासकीय अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुला रखने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि कर दाताओं को नगर पालिका प्रशासन ने पेनाल्टी से बचने पुनः अवसर प्रदान किया है। नगर पालिका ने लोगों को टैक्स एवं दुकान किराया पटाने के लिए आखिरी मौका दिया है। जिसमें आने वाले चार छुट्टियों के दिन भी कार्यालय नगर पालिका के टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। लोग इस वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च तक नगर पालिका का टैक्स जमा सकते हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने कहा है कि 31 मार्च तक टैक्स नहीं जमा करने वालों पर पेनाल्टी लगेगी। इतना ही नहीं आगे समय बढने पर पेनाल्टी की दर भी बढ़ती जाएगी। दरअसल, समय के साथ पेनाल्टी की दर बढ़ती जाती है। अवकाश दिवस में भी काउंटर कार्यालय खोले जा रहे हैं और करदाताओं से अपील की गई है कि वे अपना संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, बाजार किराया, यूजर चार्ज आदि 31 मार्च 2025 तक जमा कर रसीद प्राप्त कर लें।

### स्वास्थ्य सुविधा को लेकर हुई बैठक



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद विजय साव ने मौहारी भाठा स्थित हमर क्लिनिक में डॉक्टर एवं मितानिनों के साथ बैठक लेते हुए वार्डवासियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए विचार रखे। साथ ही दवाइयों की कमी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर बात करने का आश्वासन दिया।

# पैथोलॉजी संचालक ने खल्लारी थाने के लिए दिए 4 बेरिकेड्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए मां सावित्री डिजिटल पैथालॉजी बागबाहरा के संचालक ललित कुमार चक्रधारी ने खल्लारी थाना को 4 नग बैरिकेड्स निःशुल्क प्रदान किए। ललित ने बताया कि दिन हादसे हो रहे हैं। हादसों का मुख्य वजह ओवर स्पीड तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। पुलिस द्वारा समय-समय पर ओवर स्पीडिंग में कमी लाने व यातायात नियमों का पालन कराने जागरूकता अभियान चलाया जाता है। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उक्त बेरिकेड्स पुलिस थाना खल्लारी के प्रभारी शैलेंद्र नाग को सौंपा गया। टीआई नाग ने पैथालॉजी संचालक की पहल का सराहना करते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने अपील है।

# एसडीएम ने ली कोटवारों की बैठक, किसान पंजीयन की प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार करने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे की अध्यक्षता में तहसील के समस्त कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोटवारों को किसान पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से गांवों में प्रचारित करने के लिए दिशा-निर्देश देना था। बैठक में एसडीएम चौबे ने कोटवारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में



मुनादी कराकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक किसानों को इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन से किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे वे अपनी फसल का उचित समर्थन मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कोटवारों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को इसकी महत्ता समझाएं और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराने में सहयोग करें। इस दौरान तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हिंदू नववर्ष, श्रीराम नवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर होगा आयोजन

**सरायपाली।** युवा हिंदू समाज के कार्यकर्ता एवं विहिप बजरंग दल की व्यापारी महासंघ के साथ बड़ी बैठक हुई। जिसमें हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ हिंदुओं का यह विशेष त्यौहार हिंदू नव वर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष भी हिंदू समाज के इन विशेष कार्यक्रम के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार के लिए विशेष बैठक आहूत की गई थी। जिसमें अनेक बिंदु पर चर्चाएं हुई। जिसमें से अनेक विषयों पर चर्चा की गई। इसमें हिंदू नव वर्ष से पहले पूरा सरायपाली को भगवामय किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड की साज सज्जा झंडा तोरण लगवाने की व्यवस्था वार्ड के पार्षदों द्वारा की जाएगी। चौक चौराहे सजेंगे, प्रतिष्ठानों में हिंदू नववर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं एवं बधाई के पोस्टर लगेंगे। ऐसे और भी कई सारे बिंदु हैं, हिंदू नव वर्ष के दिन विशाल बाइक रैली का आयोजन प्रस्तावित है। रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा आकर्षक श्रीराम दरबार झांकी एवं हनुमान जन्मोत्सव में संगीतमय सुंदरकांड भजन संध्या का कार्यक्रम होना है। जिसमें नगर के सभी नागरिक शामिल होंगे।

# नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष, पार्षदों ने की विधानसभा में मुख्यमंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं भाजपा पार्षदों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विधायकों से मुलाकात किया। इस दौरान विशेष तौर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




ने जिला मुख्यालय के नगर पालिका में भाजपा के निर्वाचित 17 पार्षद होने के बाद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को 24 वोट मिले। विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात पश्चात प्रदेश भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय से भी सभी ने मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोडेकर, जरीना हाफिज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, नानू भाई हरबंश सिंह ढिल्लो, माधुरी यादव, प्रीति बदल मक्कड़, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर पवन पटेल, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport